समाचार

# कोरबा के विकास में सर्व–समाज के साथ साहू समाज का अहम योगदान–राजस्व मंत्री

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने वार्ड क्र. 27 शहीद भगत सिंह कालोनी के पास किया नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण)



कोरबा 22 फरवरी 2022 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा है कि ऊर्जानगरी कोरबा के विकास में सभी समाजों के साथ–साथ साहू समाज का भी अहम योगदान रहा है तथा कोरबा की प्रगति में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होने कहा कि हमारी कांग्रेस के राजनेताओं ने कोरबा के विकास के लिए अपना आशीर्वाद दिया तथा उनके प्रयासों से कोरबा को बड़ी सौगातें मिली, कोरबा एक विकसित शहर बना, जिसके लिए मैं उनका नमन करता हूँ, अभिनंदन करता हूँ।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आज वार्ड क्र. 27 में आयोजित सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा स्वीकृत किए गए सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य वार्ड क्र. 27 अंतर्गत शहीद भगत सिंह कालोनी के समीप 08 लाख 60 हजार रूपये की लागत से पूर्ण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण, एल्डरमेनगण आदि उपस्थित थे। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने इस मौके पर भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना की, उन्होने फीता काटकर एवं लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2008 में कोरबा का प्रथम बार विधायक चुने जाने के पश्चात यह संकल्प लिया था कि कोरबा में रहने वाले प्रत्येक समाज के लिए उनका अपना भवन बनाया जाएगा, मुझे खुशी है कि आज लगभग सभी समाज के

लिए भवन बनाए गए हैं। उन्होने आगे कहा कि वार्ड क्र. 04 में भी साहू समाज के लिए भवन का निर्माण किया जाएगा, वहीं ढेगुरनाला के समीप नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी शीघ्र किया जाएगा। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने इस मौके पर सभी समाज से आग्रह करते हुए कहा कि आपसी एकता एवं परस्पर भाईचारा के साथ हम सब मिलकर समाज, शहर, प्रदेश एवं देश के विकास में अपना योगदान दें, अपने शहर व प्रदेश को और अधिक विकसित स्वरूप देने में अपनी–अपनी भूमिका निभाएं, मैं यह कामना करता हूॅं।

**सबके सुख–दुख के साथी हैं, राजस्व मंत्री**– इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल सभी नागरिकों के सुख–दुख के बराबर के साथी रहें हैं, उन्होने सदैव लोगों के सुख–दुख में साथ खड़े रहकर अपना पूरा सहयोग दिया है, उनके सामने जो भी समस्याएं रखी गई हैं, उन्होने सदैव उन समस्याओं को दूर करने के लिए हरसंभव प्रयास किया है। महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि उन्हीं के प्रयासों से आज कोरबा के लगभग सभी समाजों के लिए अपने स्वयं के भवन उपलब्ध हो चुके हैं, जहॉं तक ऊर्जाधानी कोरबा के विकास का प्रश्न है, तो आज जो कोरबा का विकसित स्वरूप हमें दिखाई दे रहा है, उसमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण भूमिका राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल की रही है।

**रेणु अग्रवाल का आभार**– इस अवसर पर तहसील स्तरीय साहू संघ के सचिव श्री भागवत प्रसाद साहू ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि पूर्व में माता कर्मा के पूजन कार्यक्रम में तत्कालीन महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का आगमन हुआ था, हमने यहॉं पर सामुदायिक भवन निर्माण का आग्रह किया था, इस पर श्रीमती रेणु अग्रवाल जी ने तत्काल अपनी स्वीकृति देते हुए सामुदायिक भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था, उन्हीं की बदौलत यह सामुदायिक भवन बना तथा आज इसका लोकार्पण हो रहा है, मैं समाज की ओर से पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के प्रति विशेष आभार व्यक्त करता हूॅं तथा राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के प्रति आभारी हूॅं कि आज यह भवन हम सबके उपयोग हेतु उपलब्ध होने जा रहा है।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष व पार्षद सुरेन्द्र जायसवाल, जिला कांग्रेस कमेटी शहर की अध्यक्षा एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य श्रीमती सपना चौहान, पूर्व सभापति एवं एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, मेयर इन काउंसिल सदस्य पालूराम साहू, कृपाराम साहू, पार्षद राजेन्द्र सूर्यवंशी, शैलेन्द्र सिंह पप्पी, अनुज जायसवाल, एल्डरमेन रूपा मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह, साहू संघ के जिलाध्यक्ष गिरजा साहू, प्रदेश महामंत्री गिरधारी साहू, योगेश्वरी साहू, रविन्द्र साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, प्रेमलता मिश्रा, पूर्व नेताप्रतिपक्ष मुकेश राठौर, पूर्व पार्षद सीताराम चौहान, भागवत साहू, पदमी साहू, छेदीलाल साहू, रामखिलावन साहू, बालाराम साहू, सुखनंदन साहू, सुरेश साहू, सुमनबाला साहू आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।